हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 23 अप्रैल 2025 समय 1810

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की देश की नीति को दोहराया।

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव समय की मांग है।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज गुरुग्राम के उद्योग विहार में हरियाणा की 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स पहल" के तहत बनी आधुनिक सड़क को लोक अर्पित किया।

- हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते और महंगाई राहत दर में 2 प्रतिशत की वृद्धि की।

- हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में कल पंचकूला में राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

**********************************************************************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद कतई बर्दाश्त न करने की देश की नीति को दोहराया है। उन्होंने कहा कि सरकार पहलगाम हमले के लिए दोषियों को मुंहतोड़ जवाब देगी। नई दिल्ली में आज भारतीय वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह पर एक स्मारक व्याख्यान को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा–

उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश ऐसे कठिन समय में एकजुट है और आतंकवाद से डरने या झुकने वाला नहीं है।मुख्यमंत्री ने हमले में मारे गए आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा की यह कायराना हरकत है, जिसने निर्दोष लोगों की जान ली।मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले श्री विनय नरवाल के परिजनों से भी बात की। मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ दुख साझा किया और कहा कि हरियाणा सरकार दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है।

*******************************************************************

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिढ़ा ने पहलगांम में हुए आतंकी हमले पर दुख जताते हुए कहा है कि जिस प्रकार से निर्दोष नागरिकों और पर्यटकों पर हमला हुआ, वह बेहद निंदनीय है।

आज जींद में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री वहां पर गए हैं और किसी भी सूरत में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसी घटना के मद्देनज़र मुख्यमंत्री ने आज जींद में अपने कार्यक्रम को रद्द कर दिया है।

*******************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*******************************************************************

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव समय की मांग है, क्योंकि लोकसभा और विधानसभा के लिए अलग-अलग होने वाले चुनाव देश के विकास में बाधा बन रहे हैं। नई दिल्ली में एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए छात्रों के सम्मेलन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों को देश में बार बार होने वाले चुनावों पर विचार करना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री और मुख्यमंत्री तक, हर कोई चुनाव की तैयारियों में व्यस्त हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप विकास कार्य रुक जाते हैं। श्री चौहान ने यह भी उल्लेख किया कि आचार संहिता लागू होने से सरकारी कामकाज में और बाधा आती है।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

*******************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम के उद्योग विहार में हरियाणा की 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स पहल” के तहत बनी पहली आधुनिक सड़क को लोक अर्पित् किया।उन्होंने कहा कि 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स' की धारणा बच्चे , बुजुर्ग, महिला या दिव्यांग, यानी हर वर्ग,को शहर में सुरक्षित रूप से

चलने का अधिकार देने की राज्य सरकार प्रतिबद्धता की प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता केवल बुनियादी ढाँचे का निर्माण नहीं, बल्कि मानवीय विकास है। गुरुग्राम की इन सड़कों पर पैदल चलना, साइकिल चलाना, या बस पकड़ना अब केवल एक ज़रूरत नहीं, बल्कि एक सुखद अनुभव होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा –

उन्होंने कहा कि  यह परियोजना दिखाती है कि जब सरकार, निजी क्षेत्र और सामाजिक संस्थाएं एक साथ आते हैं, तो कितने अद्भुत और स्थायी बदलाव लाए जा सकते हैं।उन्होंने कहा कि यह यह 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स' मॉडल केवल हरियाणा नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए एक उदाहरण बनेगा।यह सड़क पुरानी दिल्ली रोड को एयरटेल कार्यालय से जोड़ती है। परियोजना पर लगभग कुल 23 करोड़ रुपये  की  लागत आई है।

***************************************************************************

हरियाणा सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत को 53% से बढ़ाकर 55% कर दिया है। यह संशोधित दरें पहली जनवरी 2025 से प्रभावी होंगी।वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संशोधित महंगाई भत्ता और राहत अप्रैल 2025 के वेतन व पेंशन के साथ दी जाएगी। वहीं, जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक की अवधि के बकाया का भुगतान मई 2025 में किया जाएगा।

***************************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में कल पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस का उद्देश्य प्रदेश की पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सक्षम और जनहितकारी बनाने बनाना है।इस महत्त्वपूर्ण सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे।यह सम्मेलन कई मायनों में खास होगा। एक ओर जहां इस सम्मेलन में पंचायतों की कार्यप्रणाली, फंड के उपयोग और विकास कार्यों की रियल-टाइम जानकारी मिलेगी, वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को भी बड़ा तोहफा मिलेगा। इस सम्मेलन के दौरान ही, मुख्यमंत्री द्वारा मार्च महीने में पहचान किए गए 41,591 नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण भी किया जाएगा। यह कदम प्रदेश के पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में एक और मजबूत प्रयास है।

***************************************************************************

हरियाणा के कई युवक युवतियाँ सिविल सेवा परीक्षा में अच्छा रैंक लेकर सफल हुए हैं।जींद के आकाश गोयल ने संघ लोक सेवा आयोग की इस परीक्षा में 117 वां, पंचकूला की तन्वी गुप्ता ने 187 वां, सोनीपत की अनुष्का जैन ने 283 वां और कैथल के गुहला में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के तौर पर कार्यरत समिता पूजा ने 687 वां रैंक हासिल किया है।जींद के आकाश गोयल ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में आईपीएस कैडर में जाने की इच्छा व्यक्त की और कहा–

आकाश ने सभी युवाओं से कहा कि मेहनत और लग्न से कुछ भी संभव है ।